# GOVT. HOLKAR (MODEL AUTONOMOUS) SCIENCE COLLEGE, INDORE

(An ISO 9001:2015 & ISO 14001:2015 Certified Instituion)

# SSR DOCUMENT

2017-18 TO 2021-22

## CRITERION – 6

Governance, Leadership and Management

Metric No. :6.4.1

Document Title:

## Janbhagidari Committee Minutes of Meeting

SURESH T SILAWAT Digitally signed by SURESH T SILAWAT Date: 2023.08.12 00:31:49 +05'30'

तमसो मा ज्योतिर्गमय

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर
भंवरकुआ, ए.बी. रोड़, इन्दौर (म.प्र.) फोन–07312446806 ई–मेल–heghscind@mp.gov.in

क्रमांक : 1234 / स्था. / 2022 दिनांक :– 19.07.2022

## जनभागीदारी समिति की बैठक के मिनिट्स

दिनांक 19.07.2022 को श्री अंशुल खरे, जनभागीदारी अध्यक्ष, शा. होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर की अध्यक्षता में दोपहर 12.30 बजे जनभागीदारी समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा कर अनुशंसाएं की गई –

1. दिनांक 11.11.2021 को आयोजित जनभागीदारी समिति की बैठक के मिनिट्स का अनुमोदन किया गया।
2. दिनांक 20 मार्च 2022 को विभिन्न भवनों का लोकार्पण माननीय उच्च शिक्षा मंत्री जी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में हुए खर्च रू. 05.00 लाख की कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।
3. महाविद्यालय के यशवंत हॉल को सुव्यवस्थित करते हुए फाल्स सिलिंग तथा साउण्ड सिस्टम लगवाए गए, जिस पर हुए खर्च रू. 15.00 लाख की कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।
4. महाविद्यालय के मुख्य कार्यालय स्थित प्राचार्य कक्ष में फाल्स सिलिंग करवाई गई, जिस पर हुए खर्च रू. 10.00 लाख की कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।
5. महाविद्यालय के मुख्य कार्यालय स्थित प्राचार्य कक्ष में 02, कान्फ्रेंस हॉल में 04, फार्मारसायन विभाग में 01 तथा प्रशासनिक कार्यालय में 01 इस प्रकार कुल 08 एसी 02 टन क्षमता के लगवाए गए हैं, जिस पर हुए खर्च रू. 05.00 लाख की कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

6. विभिन्न विभागों में विद्यार्थियों की संख्या एवं नए प्रयोगशाला भवनों को संचालित करने को दृष्टिगत रखते हुए प्रायोगिक कार्यों के सफल संचालन हेतु प्रायोगिक उपकरण कोटेशन/जेम के माध्यम से कय करने एवं प्रत्येक विभाग को राशि रू. 10.00 लाख खर्च करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
7. महाविद्यालय के माईक्रोबायोलॉजी विभाग के लिए जीवरसायन विभाग के लिए निर्मित प्रयोगशाला के प्रथम तल पर नवीन प्रयोगशाला का निर्माण करवाए जाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
8. महाविद्यालय के जीवरसायन विभाग की प्रयोगशाला एवं बीच के लॉन को ऊँचा करने तथा टीनशेड लगवाने का कार्य करवाए जाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
9. महाविद्यालय का किकेट ग्राउण्ड आई.डी.सी.ए. की मांग पर उन्हें उपलब्ध करवाए जाने के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति उपरांत दिए जाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
10. श्री जितेन्द्र पेरवाल, वर्तमान छात्र से किकेट ग्राउण्ड के संबंध में एम.ओ.यू. रू. 30,000/– प्रतिमाह के किराये पर किए जाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
11. महाविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के नवीन भवन में विद्यार्थियों के बैठने के लिए कोटेशन/जेम पोर्टल के माध्यम से स्टूडेंट बेंच कय करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
12. महाविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के नवीन भवन में 06 प्रयोगशालाओं हेतु कुल 800 कम्प्यूटर्स, प्रति लेब 02 टन के 08 ए.सी. रखे जाने के लिए फर्नीचर एवं लाईट फिटिंग आदि कार्य करवाए जाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

13. महाविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में नवीन जनरेटर के इंस्टॉलेशन के लिए सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

14. महाविद्यालय के मुख्य कार्यालय के ऊपर तथा नवीन कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के ऊपर सोलर पेनल लगवाया जाना है, पेनल कोटेशन/जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

15. महाविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के नवीन भवन एवं स्वामी विवेकानंद प्रयोगशाला भवन में विद्यार्थियों के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए एक–एक 1000 लीटर प्रति घण्टे की क्षमता का आर.ओ. वॉटर प्लांट सिस्टम विथ चिलर कोटेशन/जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

16. स्वशासी महाविद्यालय होने से परीक्षा एवं मूल्यांकन महाविद्यालय के नियमित/अतिथि विद्वानों से कराया जाता है, जो प्रातः 08.00 बजे से सायं 08.00 बजे तक चलता है। मूल्यांकन केन्द्र के दो प्रभारी पूर्व से स्वीकृत हैं। वर्तमान में यह व्यवस्था एक केन्द्रीय मूल्यांकन प्रभारी तथा दो सहायक और एक ओ.एस.डी. रखने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही सैद्वांतिक परीक्षा की प्रत्येक शिफ्ट के लिए एक–एक ओ.एस.डी. निरीक्षण हेतु रखने की भी सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। इन्हें मानदेय का भुगतान (प्रभारी–600/–, सहायक/ओ.एस.डी.–400/– प्रति दिवस) किया जावेगा।

17. केन्द्रीय प्रयोगशाला में 02 टन के 06 ए.सी., एल्यूमिनीयम पार्टिशन एवं फर्नीचर प्रदाय करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

18. माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा की गई घोषणा के आधार पर परिसर में यूकेलिप्टस के सभी पेड़ काटने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई क्योंकि इन पौधों से पानी का स्तर नीचे गिरता है। परिसर में इनके एवज़ में 04 गुना अन्य प्रकार के पौधों का पौधारोपण किया जावेगा।
19. महाविद्यालय परिसर में आवश्यकता अनुसार ड्रेनेज लाईन का कार्य नगर निगम से करवाए जाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
20. महाविद्यालय परिसर में आवश्यकता अनुसार कंक्रीट रोड़/पेवर्स रोड़ का कार्य लोक निर्माण विभाग, इन्दौर से करवाए जाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
21. प्राचार्य कक्ष में बाथरूम का मरम्मत कार्य करवाए जाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
22. भूगर्भशास्त्र विभाग का भवन जर्जर स्थिति में होने के कारण उसे ध्वस्त कर उसी स्थान पर नए भवन के निर्माण की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। नए भवन के निर्माण की स्वीकृति पूर्व में बैंक के पास दी गई थी।
23. कम्प्यूटर विभाग के नवीन भवन में 06 गाडर्स् रखने, विभाग दोनों ओर पेवर्स लगवाने, बगीचा बनवाने एवं सुरक्षा की दृष्टि से 150 खिड़कियों पर 12 एम.एम. की अतिरिक्त जाली लगवाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
24. कक्ष कमांक 23 के पास बॉटनीकल गार्डन बनवाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
25. रिसर्च विंग के पास खाली स्थान पर स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए जी+3 के 04 कक्ष बनवाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
26. कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के नवीन भवन के ऊपर दो फ्लोर बनवाने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

27.यशवंत हॉल में 02 टन के 13 ए.सी. श्री संजय लुणावत द्वारा उनके पिता जी की स्मृति में लगवाए गए तथा फर्श का कार्य भी उनके द्वारा करवाया जायेगा, इस हेतु श्री संजय लुणावत जी को सम्मानित करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

28.महाविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के नवीन भवन एवं अन्य स्थानों पर साफ–सफाई करने हेतु 20 सफाई कर्मचारी आउटसोर्स पर रखने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

29.म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के आदेश कमांक/536/205/आउशि/योजना/2022 भोपाल, दिनांक 23.06.2021 के अनुसार बहुसंकाय कोर्स प्रारंभ करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

30.भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों के लिए मेटलैब साफ्टवेअर कय करने हेतु राशि रू. 15.00 लाख व्यय करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

31.रसायनशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों को प्रायोगिक कार्यों के लिए एफ.टी.आई.आर. तथा उससे संबंधित अन्य उपकरण कय करने हेतु राशि रू. 15.00 लाख व्यय करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

32.रात्रि गार्ड एवं कर्मचारियों को बरसाती, छाता एवं हाई एंकल जूते प्रदान करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

33.निकट भविष्य में नैक का दौरा प्रस्तावित है। महाविद्यालय परिसर 34.5 एकड़ में फैला हुआ है, इसलिए विकलांग एवं शिथिलांग विद्यार्थियों/कर्मचारियों के लिए दो इलेक्ट्रिक थ्री–व्हीलर कय करने की सैद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

34. महाविद्यालय में विजिटिंग फेकल्टी रखने का प्रावधान है। विजिटिंग फेकल्टी को रू. 20,000/– (पी.एच–डी. एवं नेट/स्लेट उत्तीर्ण को) तथा अन्य को रू. 18,000/– प्रतिमाह मानदेय भुगतान प्रदान करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

35. सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्त की गई।

(डॉ. सुरेश टी. सिलावट)
प्राचार्य एवं सचिव
जनभागीदारी समिति

(श्री अंशुल खरे)
एस.डी.एम. एवं अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति